# वीयू – किसान दिवस मनाया गया



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में किसान दिवस का आयोजन, 23 दिसम्बर 2025, मंगलवार को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (NDVSU), के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा माननीय कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा जी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एस.एस. तोमर जी कुलसचिव के अध्यक्षीय उद्‌बोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने पशुधन और मत्स्य विकास हेतु विस्तार सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के महत्व पर बल दिया। बैठक की शुरुआत डॉ. सुनील नायक (निदेशक, विस्तार शिक्षा) के उद्‌घाटन वक्तव्य से हुई जिसमे उन्होंने पशुपालन की उन्नत तकनीकियों को अपनाकर पशुपालन की उद्यमिता बढ़ाने पर जोर दिया तथा डॉ. रुचि सिंह ने उपस्थित पशु पालकों को मनरेगा के नवीन आधुनिक एवं शक्तिशाली स्वरूप “विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन गारंटी” वी.बी. – जी.राम जी. अधिनियम 2025 के बारे में जागरूक किया।




कार्यक्रम में पशु पालकों को केंद्रीय कृषि मंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री माननीय श्री भगीरथ चौधरी जी ने किसान दिवस की महत्वत्ता एवं वी.बी. – जी.राम जी. अधिनियम 2025 की विशेषता के बारे में वर्चुअली उदबोधन सुनाया गया।

कार्यक्रम में डॉ. आर.के. शर्मा (अधिष्ठाता, वेटरनरी कॉलेज, जबलपुर), डॉ. एस.के. महाजन (अधिष्ठाता, फिशरी कॉलेज, जबलपुर) विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 109 किसान/पशुपालक उपस्थित रहे। तदोपरांत पशुधन संबंधित परिचर्चा में प्रोफेसर विश्वजीत रॉय, प्रोफेसर मोहन सिंह ठाकुर, डॉ. पुष्कर शर्मा द्वारा पशुपालकों को उन्नत पशुपालन तकनीकी के बारे में जानकारी प्रदान की एवं उनकी समस्याओं का निवारण किया। इसके पश्चात पशुपालकों को पशुधन प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. रुचि सिंह, डॉ. हरी आर., डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. सुमन, डॉ. शिव मोहन सिंह, डॉ. प्रतीक तिवारी एवं डॉ. सतेन्द्र कटारा आदि वैज्ञानिक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन डॉ. सुमन द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर